# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–27.05.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. चक्रवातीय तूफान रेमल बंगाल तट से टकराया, प्रधानमंत्री ने की समीक्षा बैठक, झारखंड में अगले दो दिनों तक कई जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात को लेकर ऑरेंज अलर्ट।
2. संताल की तीन लोकसभा सीटों के लिए प्रचार चरम पर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज साहिबगंज के उधवा में करेंगे सभा, प्रधानमंत्री की कल दुमका में रैली।
3. लोकसभा चुनाव के छठे चरण में गिरिडीह और धनबाद में मतदान में आगे रहीं महिलाएं, राज्य में अब तक 129 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती।
4. टेंडर कमीशन घोटाला मामला, मंत्री आलमगीर आलम की आज खत्म हो रही ईडी रिमांड, पीएमएलए की विशेष कोर्ट में होगी पेशी।
5. आईपीएल क्रिकेट में कोलकाता नाइट राइडर्स ने जीता खिताब,सनराइजर्स को आठ विकेट से हराया, जिमनास्ट दीपा करमाकर ने एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण जीत रचा इतिहास।

******************

भीषण चक्रवाती तूफान 'रेमल' के पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश तट पर दस्तक देने के साथ कोलकाता समेत दक्षिण बंगाल के सभी जिलों में तूफान और भारी बारिश हुई है। प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। झारखंड में भी इसका असर दिखने लगा है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक खूंटी, गुमला समेत कोल्हान और संथाल के कई जिलों में आंधी , बारिश और वज्रपात को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

साउंड बाइट– अभिषेक आनंद 31 सेकेंड

तूफान को देखते हुए बंगाल और रांची के बीच ट्रेन और विमान सेवा भी प्रभावित हुई है। इधर बिजली विभाग को भी सर्तक रहने का निर्देश दिया गया है।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल नई दिल्ली में उत्तरी बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवात रेमल से निपटने की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को पूरी मदद दी है और आगे भी यह जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय को हालात पर नजर रखनी चाहिए और चक्रवात के पहुंचने के बाद हालात की समीक्षा करनी चाहिए ताकि तबाही के बाद पुनर्निर्माण के लिए जरूरी सहायता प्रदान की जा सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय तटरक्षक किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए बंदरगाहों, रेलवे और राजमार्गों पर कड़ी निगरानी रखी जाए।

******************

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए प्रचार चरम पर पहुंच गया है। राजनीतिक दलों के शीर्ष नेता रैलियां और रोड शो कर रहे हैं। सातवें चरण में एक जून को झारखंड समेत आठ राज्यों की 57 सीटों पर मतदान होगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज राजमहल लोकसभा क्षेत्र के साहिबगंज जिले के उधवा प्रखंड में जनसभा करेंगे। श्रीधर दियरा कॉलोनी नंबर 9 स्थित

प्राथमिक विद्यालय मैदान में रक्षा मंत्री एनडीए उम्मीदवार ताला मरांडी के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दुमका में सीता सोरेन के समर्थन में रैली करेंगे। एक जून को संथाल की तीन सीट राजमहल, गोड्डा और दुमका के लिए मतदान होगा।

******************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि छठे चरण के मतदान में गिरिडीह और धनबाद में महिलाएं जबकि रांची जमशेदपुर में पुरुषों ने अधिक भागीदारी निभाई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कल निर्वाचन सदन, धुर्वा में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि इस चरण में राज्य में मतदान प्रतिशत 65 दशमलव चार शून्य रहा । मतगणना के दिन पोस्टल बैलेट की गिनती के बाद इस आंकड़े में थोड़ी बढ़ोतरी होगी। श्री कुमार ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक झारखंड में 129 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती की गयी है

******************

झारखंड सरकार की उद्योगों में 75 प्रतिशत स्थानीय रोज़गार बहाली के फैसले के विरुद्ध झारखंड उच्च न्यायालय में केस दर्ज कर, उद्योगों को राहत दिलाने की कोशिश की जा रही है। यह जानकारी लघु उद्योग भारती के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्वोत्तर भारत के प्रभारी ओमप्रकाश मित्तल ने दी। सरायकेला खरसांवा के आदित्यपुर में लघु उद्योग भारती की प्रांतीय बैठक में उन्होंने ये बातें कहीं। इस बैठक में जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो के साथ लघु उद्योग भारती के कई पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में लघु उद्योग भारती द्वारा पूर्व में किए कार्यकलापों को रखा गया, वहीं संगठन के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

******************

ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम की ईडी रिमांड अवधि आज समाप्त हो जाएगी। इसके बाद उन्हें ईडी की विशेष कोर्ट में पेश किया जाएगा। ग्रामीण विकास विभाग में टेंडर घोटाला मामले में 15 मई को पूछताछ के दौरान उन्हें ईडी की ओर से गिरफ्तार कर लिया गया था। इस मामले में उनके पीएस संजीव लाल और नौकर जहांगीर को पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया गया था।

******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले की पुलिस ने तीन करोड़ रुपए से अधिक डोडा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर जिले के टेबो थाना क्षेत्र में एक ट्रक से 135 बोरों में नशीला पदार्थ डोडा बरामद किया है, जिनका

वज़न 2 हज़ार 96 किलोग्राम है। इनकी अनुमानित कीमत 3 करोड़ 14 लाख रुपये बतायी गई है। इसके साथ ही वाहन से 5 लाख रुपए नकद भी जब्त किया गया।

******************

गिरिडीह जिले के गावां वन विभाग की टीम ने अवैध माइका उत्खनन के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। इसके तहत जंगल में आधा दर्जन से अधिक खदानों में छापेमारी की गई है। जिसमें दर्जनों पीस जिलेटिन, डेटोनेटर,माइका और खनन में इस्तेमाल होने वाले कई उपकरणों को जब्त किया गया। इस मामले में खदान संचालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे कार्रवाई की जा रही है।

******************

तपती गर्मी के इस मौसम में धनबाद रेल मंडल से होकर गुजरने वाली ट्रेनों के कोच में त्वरित रूप से पानी भरने के लिए रेलवे क्विक वाटरिंग सिस्टम का प्रयोग किया जा रहा है, ताकि लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रा कर रहे यात्रियों को जल संकट न झेलना पड़े और पानी बर्बाद भी ना हो। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता।

साउंड बाइट– दीपक धनबाद   48 सेकेंड

******************

दीपा करमाकर ने एशियन जिमनास्टिक चैमपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत लिया है। उज्बेकिस्तान के ताशकंद में उन्होंने वॉल्ट स्पर्धा में 13 दशमलव पांच–छह–छह अंक अर्जित किए और पहले स्थान पर रहीं। एशियन चैमपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली वह पहली भारतीय जिम्नास्ट बनी।

******************

आईपीएल क्रिकेट के फाइनल मुकाबले में कल कोलकाता नाईट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। यह आईपीएल में कोलकाता की तीसरी जीत है। मिचेल स्टार्क को प्लेयर ऑफ से मैच घोषित किया गया।

******************

और अब अखबारों की सुर्खियां

चक्रवातीय तूफान रेमल बंगाल से टकराया, झारखंड में मौसम विभाग का अलर्ट और लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण के लिए धुंआधार प्रचार की खबरों को रांची से प्रकाशित सभी समाचार पत्रों ने अपनी सुर्खी बनाई है।

हिन्दुस्तान लिखता है– नेताओं ने संताल में झोंकी ताकत।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है – झारखंड में तीन लोकसभा चुनावों का रिकॉर्ड टूटा, चार सीटों पर शून्य दशमलव पांच नौ फीसदी ज्यादा वोटिंग। प्रभात खबर ने लिखा है – कोलकाता नाइटराइडर्स तीसरी बार बना आईपीएल चैंपियन।

बंगाल और बांग्लादेश के तटीय इलाकों से टकराया चक्रवात तूफान रेमल, दैनिक जागरण ने इस खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

रांची एक्सप्रेस की सुर्खी है– राजनाथ सिंह आज झारखंड के उधवा में करेंगे जनसभा। वहीं राष्ट्रीय नवीन मेल ने लिखा है– हावड़ा रांची वंदे भारत एक्सप्रेस का 10 जून से समय बदला।

दिल्ली के चाइल्ड हॉस्पिटल में आग लगने से 7 नवजात की मौत, इस खबर को द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने पहले पन्ने पर जगह दी है।

*********समाप्त*********